| **E-201** | | Roll No. ........................................... | |
|---|---|---|---|
| Higher Secondary Examination (Regular) - 2019 | | | |
| **हिन्दी विशिष्ट**<br>**HINDI (Special)** | | | |
| Total Questions : 28 | Total Printed Pages : 8 | Time : 3 Hours | Maxi. Marks : 100 |

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक आवंटित हैं। उपप्रश्न पर 1 अंक आवंटित है। http://www.mpboardonline.com

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 से 75 शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए 5-5 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक को उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 10 अंक [7+3] आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 250 शब्द हैं।

1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1x5=5

(i) 'नये मेहमान' एकांकी में आगंतुक .......... का भाई है। (विश्वनाथ / रेवती)

(ii) आधुनिक युग के ऊर्जावान कवि....... हैं। (जयशंकर प्रसाद / बालकृष्ण शर्मा नवीन)

(iii) लताजी के गायन की ........ है। विशेषता है। (गानपन / गंभीरता)

(iv) राजनीति में जो साम्यवाद है, वही साहित्य में ......... है। (प्रगतिवाद / प्रयोगवाद)

(v) मुहावरा ‘आँखे फेर लेना' का अर्थ ....... है। (मृत्यु को प्राप्त हो जाना / ध्यान न देना)

2. निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1x5=5

(i) ‘तुम थक न बैठो' रचना है –

(अ) सोम ठाकुर (ब) शरद जोशी

(स) जयकुमार जलज (द) आनंद मिश्र

(ii) 'खेल' कहानी में सुरबाला थी -

(अ) सातवें वर्ष में　　(ब) आठवें वर्ष में

(स) ग्यारहवें वर्ष में　　(द) तेरहवें वर्ष में

(iii) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म हुआ था –

(अ) गोरेगाँव　　(ब) सतगाँव

(स) चिरगाँव　　(द) इलाहाबाद

(iv) 'चरन कमल सम कोमल' में उपमान है –

(अ) चरन　　(ब) कमल

(स) कोमल　　(द) सम

(v) इनमें से कौन-सा मुहावरा है ?

(अ) ऊँट के मुँह में जीरा।　　(ब) थोथा चना बाजे घना।

(स) अधजल गगरी छलकत जाय।　　(द) घी के दिये जलाना।

3. निम्नलिखित कथनों में सत्य / असत्य लिखिए : 1x5=5

(i) केदारनाथ के पुजारी कर्नाटक से आते हैं।

(ii) जहाँ रस होता है यहाँ गुण अवश्य होता है।

(iii) पेशेवर अध्यक्षों के पास प्रायः दो शेरवानियाँ होती हैं।

(iv) भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी है।

(v) 'विजयपथ पर बढ़ सिपाही' पंक्ति शिवमंगल सिंह सुमन ने लिखी है।

4. सही जोड़ी बनाइए: 1x5=5

| | | |
|---|---|---|
| (i) मंगल वर्षा | - | चार |
| (ii) अध्यक्ष महोदय | - | भ्रांतिमान |
| (iii) मेरे जीवन के कुछ चित्र | - | व्यंग्य विधा |
| (iv) लक्ष्यार्थ | - | डॉ. रामकुमार वर्मा |
| (v) रस के अंग | - | भवानी प्रसाद मिश्र |
| | - | मुहावरा |
| | - | संदेह अलंकार |

5. एक वाक्य / एक शब्द में उत्तर लिखिए : 1x5=5

(i) किन्हीं दो बोलियों के नाम लिखिए।

(ii) देह पर गर्व नहीं करना चाहिए' मीराबाई ने ऐसा क्यों कहा है?

(iii) जहाँ उपमेय को उपमान से श्रेष्ठ या न्यून बताया जायें वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(iv) 'गीता और स्वधर्म' निबंध के लेखक कौन हैं?

(v) एक नैनोमीटर का साइज मानव बाल के किस हिस्से के बराबर होता है?

6. पार्वती और रूखी डाल में कौन-कौन सी समानता है? (2)

अथवा

सभी देश हमारे यहाँ किस प्रयोजन से आते हैं ? महत्ता कविता के आधार पर लिखिए।

7. कबीर ने किसकी संगति करने को कहा है? http://www.mpboardonline.com (2)

अथवा

'तुम चलाते हों सदा चिर चेतना के तीर' से नवीन जी का क्या आशय है ?

8. धरती और बसंत में आपस में क्या नाता है? (2)

अथवा

कवि ने भारत माता की जय-जयकार का आह्वान किससे किया है ?

9. केवट की जीविका का एकमात्र आधार क्या था ? (2)

अथवा

बिजली की चमक देखकर कवि भवानी प्रसाद सखी को क्या सलाह देते हैं ?

10. एक ही वस्तु किसी को सुन्दर और किसी को कुरूप क्यों नजर आती है ? (2)

अथवा

चातक को घातक क्यों कहा गया है ?

11. गौतम कहाँ चले गए थे? (2)

अथवा

बसंती गजाधर बाबू के किस कथन से रूठ गयी थी ?

12. भाड़ का अभिषेक करने से पूर्व सुर्रो रानी ने क्या किया? (2)

अथवा

युद्ध में आज स्वजन सम्बन्धियों की कितनी पीढ़ियाँ एकत्र हुई थी ?

13. ‘लिखने के लिए मैंने कभी नहीं लिखा'' से उपाध्याय जी का क्या तात्पर्य है? (2)

अथवा

गाँव की संध्या में पूजाभाव किन ध्वनियों में प्रकट होता है ?

14. बाँसुरी की मीठी टेर सुनकर देवकी ने क्या अनुभव किया ? (2)

अथवा

‘आयतित अंधकार’ से सोम ठाकुर का क्या अभिप्राय है?

15. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : (2)

(i) आपका स्वास्थ्य अब कैसा है ? (ii) उसका हॉश उड़ गया।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) कलेजा जलना। (ii) अँगूठा दिखाना।

16. विभावना अलंकार की परिभाषा लिखिए। (2)

अथवा

महाकाव्य के दो लक्षण लिखिए।

17. "मैं छोटा आदमी हूँ छोटा बना रहना चाहता हूँ" रामदरश मिश्र के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

'दूधो नहाओ' का आशीर्वाद किस प्रकार फलित हुआ ?

18. भाषा और विभाषा में क्या अंतर है? (3)

अथवा

'ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं पंक्ति का भाव विस्तार कीजिए।

19. दुर्मिल सवेधा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (4)

अथवा

श्रृंगार रस को स्थायीभाव लिखते हुये एक उदाहरण लिखिए।

20. द्विवेदी युग की चार विशेषताएँ लिखिए। (4)

अथवा

आत्मकथा के दो लेखकों तथा रचनाओं के नाम लिखकर आत्मकथा की दो विशेषताएँ लिखिए।
http://www.mpboardonline.com

21. प्रगतिवादी दो कवि, उनकी रचनाएँ तथा दो विशेषताएँ लिखिए। (4)

अथवा

रहस्यवाद की चार विशेषताएँ लिखिए।

22. 'शरद जोशी' अथवा 'रघुवीर सिंह' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा-शैली (iii) साहित्य में स्थान

23. 'जयशंकर प्रसाद' अथवा 'मैथिलीशरण गुप्त' की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- (4)

(i) दो रचनाएँ (ii) भावपक्ष-कलापक्ष (iii) साहित्य में स्थान

24. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए। (4)

मेरी किलकारियाँ और रोदन, मेरा क्रोध और मेरा ममत्य इसी के भीतर किस कोने में अटके हैं? माता-पिता और बहिनों की आत्मीयता दरवाजों के भीतर से हुमकती-सी लगती है। मेरा अतीत ढोता यह घर, जिसका ताला खोलने में ही मुझे आधा घंटा लग गया, मेरे सामने खुला पड़ा था। घर नहीं खुला था, लगा कि जैसे ताले के साथ ही मेरे भीतर कुछ खुलता जा रहा है।

अथवा

"यह संसार क्षणभंगुर है। इसमें दुःख क्या और सुख क्या' जो जिससे बनाया है वह उसी में लय हो जाता है- इसमें शोक और उद्वेग की क्या बात है? यह संसार जल का बुदबुदा है। फूटकर किसी रोज जल में ही मिल जाएगा। फूट जाने में ही बुदबुदे की सार्थकता है।

25. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : (4)

कोऊ सेद-सानी, कोऊ भरि दृग पानी रहीं
    कोऊ धूमि-धूमि परीं भूमि मुरझानी हैं।
कोऊ स्याम–स्याम कह बहकि बिललानी कोऊ
    कोमल करेजौ थामि सहमि सुखानी हैं।

अथवा

मैया कबहि बढ़ेगी चोटी।
    किती बार मोहि दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी ।।
तू जो कहति बल की बेनी, ज्यो, है है लाँबी मोटी।
    काढ़त गुहत न्हवावत ओछत, नागिन सी भुईं लोटी।।

26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर दीजिये : (5)

वैदिक काल से ही हिमालय पहाड़ को बहुत पवित्र माना जाता है इनमें कोई संदेह नहीं कि हिमालय के पहाड़ों का दृश्य अति सुंदर है। इसकी विशालता देखकर मन आनंद और कृतज्ञ हो जाता है। ऐसा लगता है कि यह विशाल सृष्टि ईश्वर की देन है। सारी सृष्टि के प्रति समभाव जाग्रत होता है। वस्तुतः यह दृष्टि कोरी कलात्मक या आध्यात्मिक नहीं है। भारतवर्ष में जलवायु का सामंजस्य हिमालय बैठाता है। उत्तरी भाग को पानी देने वाला है। यहाँ बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री जैसे पवित्र तीर्थ हैं और पवित्र नदियाँ जो जीवन देती हैं। http://www.mpboardonline.com

(i) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) किस काल से हिमालय को पवित्र माना जाता है?

(iii) हिमालय को देखकर कौनसा भाव जाग्रत होता है?

(iv) यहाँ कौन-कौन से तीर्थ हैं?

(v) कृतज्ञता और वैदिक से प्रत्यय अलग कीजिए।

27. अपने मित्र को वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर एक बधाई पत्र लिखिए। (5)

अथवा

नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखकर कॉलोनी की साफ-सफाई नहीं हो रही है इस बात से अवगत कराइये व सफाई के लिए निवेदन कीजिए।

28. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए:7

(i) पर्यावरण संरक्षण

(ii) अनुशासन और विद्यार्थी

(iii) नारी है तो कल है।

(iv) बेरोजगारी की समस्या

(v) आज का युग और कम्प्यूटर

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए : (3)

(i) स्वच्छता का महत्व

(ii) परोपकार

(iii) जल संरक्षण

(iv) पराधीन सपनेहुँ सुख नाही'

********